हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

11 ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने के विरोध में जिलेभर...



12 भूमि पर 20 साल से सामान्य वर्ग का व्यक्ति कर रहा खेती



## खबर संक्षेप

### वाद-विवाद प्रतियोगिता नेहरू सदन में मारी बाजी

**फतेहाबाद।** गांव खाराखेड़ी स्थित रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल में कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के बीच एक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों बोस, नेहरू, विवेकानंद व टैगोर के प्रतिभागियों ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। नेहरू सदन ने जीत हासिल करते हुए प्रथम स्थान पाया।

### साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम 19 से 25 तक

**फतेहाबाद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला में 19 से 25 अप्रैल तक सोशल मीडिया साइबर क्राइम के खतरों से बचाव व उनकी जागरूकता के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गायत्री ने बताया इन जागरूकता कार्यक्रमों को लेकर पैनल अधिवक्ता व पैरा लीगल वॉलिंटियर का शेड्यूल जारी किया गया है।

### घायल मोटरसाइकिल सवार की उपचार के दौरान मौत

**सिरसा।** जिला के गांव अभोली के निकट कार की टक्कर से घायल मोटरसाइकिल सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव अभोली निवासी हरीराम ने बताया कि बीती 12 अप्रैल को उसका भाई खूबलाल गांव अभोली की तरफ आ रहा था तभी कार ने उसे टक्कर मार दी।

### महिला की शिकायत पर 6 के खिलाफ केस दर्ज

**सिरसा।** रोड़ी पुलिस ने प्रेमलता पत्नी सुरेंद्र कुमार निवासी सिरसा की शिकायत पर आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में प्रेमलता ने बताया कि उनकी रोड़ी बस स्टेंड पर दुकान है। उसका हमलावरों के साथ दुकान को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है। उसने बताया कि जब वह दुकान पर पहुंची तो आरोपियों ने उन्हें धमकाना शुरू कर दिया, शटर को आग लगा दी और सारा सामान लूट ले गए।

### पीडब्ल्यूडी कर्मचारी 23 को करेंगे धरना प्रदर्शन

**सिरसा।** हरियाणा पीडब्ल्यूडी कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर आगामी 23 अप्रैल को कार्यकारी अभियंता प्रांतीय मंडल नंबर दो सिरसा के कार्यालय समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें लोक निर्माण विभाग के सैकड़ों कर्मचारी शामिल होंगे। प्रधान हरिराम जाजड़ा ने बताया कि उपमंडल अभियंता की कर्मचारी विरोधी व टालमटोल की नीति को लेकर फील्ड कर्मियों में उपमंडल अभियंता के खिलाफ धरना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगर 22 अप्रेल तक सभी मांगों व समस्याओं का हल नहीं किया तो धरना दिया जाएगा।

---

### हनुमानगढ़ के एसपी से मिलेगा 51 गांवों का प्रतिनिधिमंडल

# जमाल के सरपंच प्रतिनिधि पर राजस्थान में दर्ज मामले को लेकर हुई महापंचायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

> प्रधान विनोद बांगड़वा ने कहा कि यह मामला करीब एक साल पुराना है। गांव के दो लोगों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद था। सरपंच प्रतिनिधि ने शिकायतकर्ता को राजस्थान के एक गांव से जमाल लाकर मामले को सुलझाने की कोशिश की जिसके बाद मामला थाने पहुंचा, इसके बाद ओमप्रकाश और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया लिया गया

खंड के गांव जमाल में वीरवार को 51 गांव के सरपंचों और ग्रामीणों की महापंचायत हुई, जिसमें जमाल गांव के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश पर राजस्थान में दर्ज हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। महापंचायत के बद करीब 250 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल हनुमानगढ़ एसपी से मिलने के लिए रवाना हुआ। महापंचायत में ब्लॉक सरपंच संगठन के प्रधान विनोद बांगड़वा ने कहा कि करीब 1 वर्ष पूर्व गांव जमाल के सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश व कई लोगों पर राजस्थान के गोगामेडी थाना में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि यह मामला करीब एक साल पुराना है। गांव के दो लोगों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद था। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश ने शिकायतकर्ता को राजस्थान के एक गांव से जमाल गांव लाकर मामले को सुलझाने की कोशिश की। लेकिन पंचायत में बात नहीं बनी। मामला गोगामेड़ी थाने पहुंचा। इसके बाद ओमप्रकाश और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। हरियाणा सरपंच एसोसिएशन के सदस्य और माखोसरानी के सरपंच सुभाष कासनियां ने कहा कि सभी सरपंच, प्रतिनिधि और गणमान्य लोग पुलिस अधीक्षक हनुमानगढ़ से मिलेंगे। अगर जांच सही नहीं हुई तो मुख्यमंत्री राजस्थान से मिलकर निष्पक्ष जांच की मांग करेंगे। सरपंचों ने कहा कि अगर चुने हुए प्रतिनिधियों पर इस तरह केस दर्ज होंगे तो पंचायत में कौन जाएगा। गांवों में आज भी भाईचारे से विवाद सुलझाए जाते हैं। सरपंच एसोसिएशन की उपाध्यक्ष संतोष बैनीवाल ने कहा कि गांव में सरपंच लोगों के सुख-दुख और विवादों को सुलझाने की अहम कड़ी होता है। ऐसे में जमाल गांव के सरपंच प्रतिनिधि के खिलाफ मामला दर्ज होना चिंता का विषय है। इस पर जमाल गांव में महापंचायत कर फैसला लिया गया है कि हनुमानगढ़ के प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर मामले को निष्पक्ष जांच के लिए कहा जाएगा और और निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो मुख्यमंत्री तक मिलकर मामला सुलझाने में पीछे नहीं हटेंगे।

**51 गांवों के सरपंचों ने लिया महापंचायत में हिस्सा**



सिरसा। महापंचायत में भाग लेते सरपंच व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

#### क्या है मामला

*गांव जमाल निवासी विनोद कुमार ने 27 फरवरी 2024 को गोगामेडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसमें विनोद कुमार ने बताया कि वह राजस्थान के गांव भरवाना में एक दुकान पर कार्य करता था। उसने आरोप लगाया कि 27 फरवरी 2024 को करीब 3 बजे वह गांव भरवाना में दुकान पर काम कर रहा था। इसी दौरान धर्मपाल, सुशील जगदीश पुत्र मेहरचंद निवासी जमाल एक कार लेकर आए और चाकू के बल पर उसे कार में चढ़ा लिया। गांव जमाल में धर्मपाल के घर पर ले गए वहां पर पहले से मौजूद ओमप्रकाश और सतपाल ने उसे लिए गए पैसे वापस करने के लिए कहा तो उसने पैसे देने से इनकार कर दिया। उपरोक्त लोगों ने उसके साथ बदसलूकी की और कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उसे गाड़ी में डाल कर गांव भरवाना में उतार दिया। विनोद कुमार की शिकायत पर पुलिस ने गोगामेडी थाना में मामला दर्ज किया गया था।*

---

### [ 49.73 करोड़ राशि का भुगतान ]

# जिले में अब तक 174,847 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला में अब तक 10801 किसानों की विभिन्न एजेंसियों द्वारा 174847 मीट्रिक टन गेहू फसल की खरीद की गई है। फूड सप्लाई ने 1527 किसानों की 23287 मीट्रिक टन, हैफेड ने 3634 किसानों की 76278 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 4082 किसानों की 64440 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 1558 किसानों की 10841 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में गेहूं फसल का उठान कार्य भी जारी है। जिला में अब 24098 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया जा चुका है, जिसमें फूड सप्लाई ने 2878 मीट्रिक टन, हैफेड ने 9134 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी ने 5501 मीट्रिक टन व एफसीआई ने 6584 मीट्रिक टन गेहूं की फसल का उठान किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में अब तक 10801 किसानों की गेहूं की फसल खरीदी जा चुकी है जिसकी एवज में विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 49.73 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान किया गया है।

### [ आवक जोरों पर ]

# 101780 क्विंटल सरसों फसल की हुई खरीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों में सरसों फसल की आवक जोरों पर है।

इसके साथ ही जिला में अब तक 101780 क्विंटल सरसों फसल की खरीद की जा चुकी है जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 8112 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 59692 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 33976 क्विंटल सरसों फसल की खरीद हुई है। जिला में अब तक 117653 क्विंटल सरसों फसल की आवक हुई है, जिसमें से एचएसडब्ल्यूसी द्वारा फतेहाबाद अनाज मंडी में 14702 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 62155 क्विंटल तथा हैफेड द्वारा भूना अनाज मंडी में 40796 क्विंटल की आवक हुई है। जिला की विभिन्न अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से अब तक 73729 क्विंटल सरसों फसल का उठान हो चुका है, जिसमें से फतेहाबाद अनाज मंडी में 6590 क्विंटल, भट्टू कलां अनाज मंडी में 36446 क्विंटल तथा भूना अनाज मंडी में 30693 क्विंटल सरसों फसल का उठान किया गया है। उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित विभाग व एजेंसी को निर्देश दिए है कि वे अनाज मंडियों व खरीद केंद्रों से खरीदी गई सरसों फसल के उठान कार्य में तेजी लाए ताकि मंडियों में जाम आदि की स्थिति पैदा न हो।

---

# रुपये दोगुने करने के नाम पर फ्रॉड मामले में कंपनी मालिक सहित 14 पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

■ मामले को लेकर दर्जनों लोग एसपी से मिले, कार्रवाई का दिया आश्वासन

कम्पनी में निवेश कर रुपये दोगुने करने का लालच देकर हजारों लोगों से करोड़ों रुपये ठगने के मामले में थाना सदर रतिया पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कंपनी के डायरेक्टर डॉ. सुखदेव सिंह सहित 14 लोगों पर प्राइज चिट्स एंड मनी सर्कुलेशन स्कीम बैनिंग एक्ट 1978 की धारा 4, 5, 6 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 316 (2), 318 (4), 351 (2), 351 (3) व 61 के तहत एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में गांव सहनाल के अमरीक सिंह ने शिकायत दर्ज करवाई है। बता दें कि इस मामले में गत दिवस गांव सहनाल के दर्जनों लोग एसपी आस्था मोदी से मिले थे। एसपी ने ग्रामीणों को इस मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया था। पुलिस को दी शिकायत में गांव सहनाल निवासी अमरीक सिंह पुत्र पूर्ण चंद ने कहा है कि गांव सहनाल के ही डॉ. सुखदेव सिंह ने अपने पिता के नाम से शीशपाल फ्रंटलेन कंसलटेंसी एंड सर्विसस प्रा.लि. नाम से कम्पनी बना रखी है।

#### कंपनी में करीब 25 एजेंट

*कम्पनी में करीब 25 एजेंट बना रखे हैं, इनमें राजू पुत्र लाला राजकुमार पुत्र लाभचंद, सुखदेव पुत्र लाभचंद, प्रगट सिंह पुत्र गुरमेल सिंह, रवि कुमार पुत्र बृजलाल, महेन्द्र पुत्र बारूराम, अंकित पुत्र रामपाल निवासी सहनाल, शिरा चिम्मा निवासी गुरूर, रोशन लाल पुत्र टेकचंद निवासी भूना आदि शामिल है। सुखदेव और उसके एजेंट लोगों को एक महीने में रुपये दोगुने करने का लालच देकर धोखाधड़ी कर रहे है। अमरीक ने कहा कि 18 जनवरी को आरोपी उसके घर आए और लालच देकर उससे 3 लाख रुपये ले लिए।*

---

ठेकेदार के शोषण के खिलाफ कर्मचारी हुए एकजुट

# जिला प्रशासन ने नहीं की कोई सुनवाई, पालिका कर्मी आज से उल्टे झाड़ू लेकर उतरेंगे सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

### सभी कर्मचारियों ने गेट मीटिंग में लिया हिस्सा



फतेहाबाद। गेट मीटिंग को संबोधित करते कर्मचारी नेता।

जिला प्रशासन द्वारा नगरपरिषद कर्मचारियों की मांगों को लेकर कोई सुध न लेने से खफा नगरपालिका कर्मचारी संघ ने 18 अप्रैल से शहर में उलटे झाड़ू लेकर सड़कों पर उतरने की घोषणा की है। नगर पालिका संघ जिला फतेहाबाद के आह्वान पर वीरवार को ईकाई प्रधान विजय ढाका की अध्यक्षता नगरपरिषद कर्मचारियों ने तीसरे दिन विरोध गेट मीटिंग की। गेट मीटिंग का संचालन सचिव ओम प्रकाश लोट ने किया। ईकाई प्रधान विजय ढाका व ओम प्रकाश लोट ने बताया कि निकाय निदेशक के पत्र अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने और सरकार के 2014 पत्र अनुसार 400 की जनसंख्या पर एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की मांग को लेकर संघ आंदोलनरत है। फतेहाबाद शहर की आबादी करीब 1 लाख 25 हजार अनुमानित है। अगर निदेशक के पत्र को ईमानदारी से लागू किया जाए तो यहां 380 नए पद सृजित किए जा सकते हैं और शहर में साफ सफाई का कार्य और भी बेहतर तरीके से किया जा सकता है। महिला नेता शकुंतला व रंजना ने बताया कि प्रदेश की बीजेपी सरकार ने बड़े जोर शोर से प्रचार किया था कि ठेका प्रथा के जरिए कच्चे कर्मचारियों और मजदूरों का शोषण होता है। उनसे कम वेतन में ज्यादा काम लिया जाता है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि सफाई कर्मचारी के परिवार में अगर कोई अनहोनी हो जाती है और वो ड्यूटी से छुट्टी ले तो उसे नौकरी से हटा दिया जाता है।

---

# अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पर्दाफाश



### गिरोह के मुख्य सरगना सहित दो काबू, 6 वारदातों का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

*जिला की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ की पुलिस टीम ने जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए अंतरराज्यीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के दो सदस्य को काबू किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कमल पुत्र कालू राम निवासी गांव शेरपुरा व संदीप कुमार पुत्र धर्मपाल निवासी गांव कालुआना जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ के दौरान बाइक चोरी की 6 वारदातों का खुलासा हुआ है। उन्होंने बताया कि बक्शीस पुत्र देशराज निवासी संगर साधा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि बीती 7 अप्रैल 2024 को बाइक टाऊन पार्क के छोटे गेट के पास खड़ा करके चला गया था और आधे घंटे बाद आकर देखा तो बाइक को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया। शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन सिरसा में अज्ञात लोगों के खिलाफ बाइक चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरु की गई थी।*

### कारोबारी से मांगी लाखों की रंगदारी

**सिरसा।** जिला के गांव ओढां में एक कारोबारी से फोन पर लाखों रुपये की रंगदारी मांगने और पैसे न देने की एवज में पूरे परिवार को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस संबंध में ओढां पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि कारोबारी के व्हाट्सएप पर अज्ञात नंबर से एक लिखित मैसेज प्राप्त हुआ। मैसेज भेजने वाले ने कहा है कि उसके पास उसके सारे परिवार की लोकेशन है। उसे ये भी पता है कि उसने अपने कारोबार में अच्छी प्रोपर्टी भी बना रखी है। अगर उसने पैसे का इंतजाम नहीं किया तो इसका खामियाजा उसके पूरे परिवार को भुगतना होगा। सूत्रों के मुताबिक कारोबारी को कहा गया है कि अगर उसने इसका जिक्र पुलिस से किया तो अंजाम ठीक नहीं होगा। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है। वहीं इस मैसेज के बाद कारोबारी के परिवार में डर का माहौल है। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने पूछे जाने पर मात्र यही कहा कि इस मामले की अभी तक जांच चल रही है।

---

# बुजुर्गों के कल्याण में वरिष्ठ नागरिक क्लब की अहम भूमिका: चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए नप चेयरमैन।

वरिष्ठ नागरिकों के तनावमुक्त, स्वस्थ और खुशहाल जीवन को सुनिश्चित करने में वरिष्ठ नागरिक क्लब महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह बात नगर परिषद चेयरमैन वीर शांति स्वरूप ने वरिष्ठ नागरिक क्लब (डे केयर सेंटर) में वरिष्ठ नागरिक कल्याण संस्था के कार्यालय के शुभारंभ के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि वरिष्ठ नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और वे सामाजिक रूप से सक्रिय व जुड़ा हुआ महसूस करें। इस दिशा में वरिष्ठ नागरिक कल्याण संस्था द्वारा शुरू की गई गतिविधियां एक सराहनीय कदम हैं। संस्था की ओर से डे केयर सेंटर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य और खेल से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। ये गतिविधियां न केवल उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाएंगी, बल्कि मानसिक और सामाजिक कल्याण को भी बढ़ावा देंगी। चेयरमैन ने कहा कि ऐसे प्रयास वरिष्ठ नागरिकों को समाज में सम्मान और आत्मनिर्भरता का भाव प्रदान करते हैं।

---

### एसडीएम व नगराधीश ने की नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई

# समाधान शिविर : इंदिरा आवास योजना के तहत 132 प्लाटों की निशानदेही करवाकर हक दिलवाने की मांग

अधिकारियों को लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निपटान करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद





वीरवार को लघु सचिवालय स्थित बैठक कक्ष में आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार व नगराधीश गौरव गुप्ता ने संयुक्त रूप से नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश अनुसार हर सोमवार व वीरवार को जिला मुख्यालय व उपमंडल स्तर पर रतिया व टोहाना में सुबह 10 से 12 बजे तक नागरिकों की शिकायतों का निवारण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों का निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द निपटान करना सुनिश्चित करें और शिकायत का निपटान होने पर प्रार्थी को भी सूचित किया जाए।समाधान शिविर में वार्ड नंबर 5 भूना निवासी परमजीत ने मकान बनाने की अनुदान राशि की दूसरी किस्त, युवराज ने आधार कार्ड में जन्मतिथि सही करवाने, गिल्लांखेड़ा निवासी अनिल कुमार ने पीपीपी में अपने बेटे की जन्मतिथि सही करवाने, हुकमावाली निवासी नरेश कुमार ने गांव में मनरेगा कार्य की जांच पड़ताल करवाकर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई करवाने, म्योंद कलां निवासी राजेंद्र ने पीपीपी में आय ठीक करवाने, मॉडल टाउन भट्टू मंडी निवासी बाल कृष्ण ने माननीय अदालत के आदेश डिग्री को रजिस्टर्ड बारे, कुम्हारिया निवासी फूल सिंह ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने, ढाणी ठोबा निवासी दिनेश कुमार ने नागपुर रोड से मल्हड वाया ढाणी ठोबा पर मोंगा नंबर आरडी800 बारे, बनवाली निवासी सीताराम ने माननीय न्यायालय के आदेश के बाद तकसीम की कार्यवाही ना करने बारे, झलनिया निवासी जितेंद्र पाल ने मंदिर में चोरी करने वाले चोर के खिलाफ कार्रवाई करने की शिकायत रखी।

#### समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतें

इसी प्रकार से फतेहाबाद निवासी दयानंद ने बिल की राशि दिलवाने बारे, शैखुपुर दड़ौली निवासी मनजीत ने अवैध कब्जा व ग्रांट का दुरूपयोग करने बारे, टोहाना निवासी कर्मजीत कौर ने आयुष्मान कार्ड बनवाने, मताना निवासी सुनीता ने पीएमईजीपी स्कीम के तहत सत्यापन की रिपोर्ट प्राप्त ना होने बारे, डॉ. मीनत अरोड़ा ने अनुभव प्रमाण पत्र बारे, अजीत नगर निवासी लधु राम ने गांव में स्थित प्रार्थी के रकबा से पानी की पाइप लाइन गुजारने की मंजूरी बारे, हसंगा निवासी रामनिवासी ने गांव में धक्के से रास्ते को पक्का करने पर संबंधित को निलंबित करने, जगदीश ने इंदिरा आवास योजना के तहत 132 प्लाटों की निशानदेही करवाकर हक दिलवाने बारे, देशराज ने घर के आगे अवैध दीवार बारे, शिकारपुर निवासी राजेश कुमार ने डरा धमका कर जमीन की फसल ना निकलवाने देने बारे, बीर सिंह ने टोहाना के राजनगर बस्ती व आजाद मार्किट के रिहायशी क्षेत्र से दुकान बंद करने बारे, मताना निवासी रामपाल ने खेतों में दूसरे लोगों के लगे कनेक्शनों को हटवाने बारे व अन्य शिकायतें समाधान शिविर में रखी।

बच्चो, क्या तुम जानते हो हम सब जिस पृथ्वी पर रहते हैं, वो कितनी विविधताओं से भरी हुई है? इसकी विविधताएं ही इसे सौर मंडल का सबसे अनूठा ग्रह बनाती है। लेकिन हम इंसानों की लापरवाही से इस पर कई तरह के संकट बढ़ रहे हैं, इसका स्वरूप बिगड़ रहा है। हमारी धरती हमेशा हरी-भरी रहे, इसके लिए हमें जागरूक होना होगा।

# हमेशा हरी-भरी रहे हमारी पृथ्वी





जागरूकता

देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, पृथ्वी के बारे में हम तुम्हें कुछ रोचक बातें बताएं, इससे पहले आओ, जरा आसमान से अपनी प्यारी पृथ्वी पर नजर डालते हैं। देखें तो सही वहां से यह कैसी दिखती है? ओह, दूर अंधेरे में कितनी सुंदर लगती है हमारी प्यारी पृथ्वी! चमकीला नीला गोला, उस पर फैले घुंघराले श्वेत बादल, नीचे भूरे, हरे, हल्के पीले महाद्वीप, बर्फ से ढंके उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव। नील मणि-सी चमकती मां पृथ्वी का यह नीला रंग इसके विशाल नीले महासागरों के कारण दिखाई देता है।

## विविधताओं से भरी

हमारे प्राचीन ग्रंथों में पृथ्वी को मां कहा गया है। सूर्य से दूरी के हिसाब से यह सौर मंडल का तीसरा ग्रह है। यह एक मात्र ऐसा ग्रह है, जिस पर जीवन है। हमारी पृथ्वी अपने आप में बहुत-सी विविधताओं को समेटे हुए है। इसमें कहीं ऊंची पर्वतमालाएं हैं तो कहीं दूर-दूर तक फैले मैदान, कहीं गहरी घाटियां हैं तो कहीं विशाल रेगिस्तान। कहीं हरे-भरे जंगल, तो कहीं विशाल दलदल। कहीं सदानीरा नदियां बहती



हैं तो कहीं ऊंचे पहाड़ों से छल-छल झरने गिरते हैं। कहीं भीषण गर्मी पड़ती है तो कहीं कड़ाके की सर्दी। कहीं घनघोर वर्षा होती है तो कहीं बारिश का नामो-निशान नहीं होता।

## इसलिए मौसम में होती है भिन्नता

हमारी पृथ्वी अपने अक्ष पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। साथ ही यह लगातार घूमती रहती है। जब यह अपनी धुरी पर घूमती है तो घूमते हुए लट्टू की तरह अंडाकार कक्षा में सूर्य की परिक्रमा भी करती है। इस सब का नतीजा यह होता है कि पृथ्वी के हर हिस्से पर साल भर सूर्य की रोशनी एक समान नहीं पड़ती। इसीलिए पृथ्वी की भूमध्य रेखा के आस-पास के हिस्सों में मौसम बेहद गर्म होता है। ज्यों-ज्यों हम उत्तर या दक्षिण की ओर बढ़ते हैं तो तपन कम होने



लगती है और मौसम ठंडा लगने लगता है। और ध्रुवों पर तापमान न्यूनतम हो जाता है। ये हमारी पृथ्वी की जलवायु के विविध रंग हैं।

## बिगड़ रहा है ऋतु चक्र

आज से कुछ दशक पहले तक अपने सही समय पर ऋतुएं बदलती थीं। समय पर वसंत आता था। मई-जून में गर्मी पड़ती थी, फिर वर्षा ऋतु आती थी। उसके बाद हेमंत ऋतु और फिर शीत ऋतु की



ठिठुरन शुरू हो जाती थी। ऋतुओं के हिसाब से किसान खेती करते थे, बोआई और कटाई के उत्सव मनाते थे। पशु-पक्षी भी ऋतुओं के हिसाब से अपनी लंबी प्रवास यात्राएं करते थे या ठंडे प्रदेशों में गुफाओं, कोटरों और बिलों में सो जाते थे। नन्हीं तितलियां वसंत के इंतजार में प्यूपा बन कर किसी टहनी, चट्टान



या दीवार से लटक जाती थीं कि वसंत आएगा और वे पंख फड़फड़ा कर मधु और पराग चूसने के लिए फूलों के पास पहुंच जाएंगी। नदियां कल-कल बहा करती थीं, हरे-भरे जंगल ठंडी बयार बहाकर हमारी सांसों के लिए भरपूर मात्रा में प्राणवायु ऑक्सीजन दिया करते थे। जलवायु के साथ हर जीवधारी का संबंध हुआ करता था। लेकिन अब यह संबंध भी गड़बड़ा गया है। वसंत समय पर नहीं आता तो फूल भी समय पर नहीं खिलते। बेमौसम और असमान रूप से बरसात होती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि पृथ्वी की जलवायु में परिवर्तन होने से मौसम में ये परिवर्तन हो रहे हैं। हम इंसानों की लापरवाही से ही पृथ्वी का प्राकृतिक स्वरूप और इसकी जलवायु बिगड़ रही है।

## हम निभाएं अपनी जिम्मेदारी



पृथ्वी को इन तमाम संकटों से बचाने के लिए हम सभी को प्रयास करना होगा। बच्चो, इसमें सबसे बड़ी भूमिका तुम्हारी होगी। तुम ही देश, दुनिया के भविष्य हो। तुम्हें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए, इस प्यारी पृथ्वी पर हरियाली बढ़ानी होगी। जल, थल और वायुमंडल को साफ रखना होगा। तभी यह प्यारी-निराली पृथ्वी रहने लायक रहेगी। *

## चिंताजनक है ग्लोबल वार्मिंग



**प्रकृति में** आए परिवर्तन की वजह यह है कि विकास की एक ऐसी अंधी दौड़ शुरू हो गई है कि हर कहीं पेड़ों के जंगल के बजाय कंकरीट के जंगल (ढेरों मकान, भवन और ऊंची इमारतें) खड़े होने लगे हैं। हरे-भरे जंगल कटने लगे हैं और शहर फैलने लगे हैं। हम लोग यह भूल गए कि पेड़-पौधों और हरे-भरे जंगलों से ही हमें सांसें मिलती हैं। हम उनकी बनाई प्राणवायु ऑक्सीजन में ही सांस लेकर जीवित रहते हैं। इसीलिए प्रकृति ने हमारे लिए हवा में कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य गैसों की ठीक उतनी ही मात्रा रखी थी, जितनी हमारे सांस लेने के लिए जरूरी थी। लेकिन हरे-भरे जंगल कटने, शहरों के फैलने, सड़कों पर लाखों गाड़ियों के पेट्रोल से उत्पन्न होने वाले धुएं से हर साल लाखों टन कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में पहुंचने लगी। इससे वायुमंडल में प्रकृति द्वारा तय किया गया गैसों का अनुपात गड़बड़ा गया। परिणाम यह हुआ कि पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक इसे वैश्विक तपन या ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। इस तपन के कारण ध्रुवों की बर्फ पिघल रही है और ग्लेशियर भी पिघल कर सिकुड़ते जा रहे हैं। तापमान इसी तरह बढ़ता गया तो सागरों में पानी का स्तर बढ़ने से सागरतटों पर बसे शहरों के डूबने का खतरा पैदा हो जाएगा। पूरी दुनिया में ग्लोबल वार्मिंग का संकट बढ़ता जा रहा है। इसे रोकना होगा।

यह भी जानो / शिखर चंद जैन

# बहुत अनूठी हैं पृथ्वी की विशेषताएं



बच्चो, पृथ्वी (अर्थ) हमारे सौर मंडल का एकमात्र ग्रह है, जिस पर जीवन है। मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी इस पृथ्वी पर रहते हैं। हमारी पृथ्वी के अलावा बाकी कुछ ग्रहों पर जीवन होने की संभावनाएं तो जताई गई हैं, लेकिन अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इस लिहाज से पृथ्वी सौर मंडल के अन्य ग्रहों से अलग-अनूठी है।

**कितनी पुरानी है पृथ्वी:** विभिन्न वैज्ञानिक शोधों से पता चलता है कि पृथ्वी लगभग 4.5 अरब साल पुरानी है। नेशनल सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन के वैज्ञानिकों ने चट्टानों और उल्कापिंडों की कार्बन-डेटिंग (प्राचीन वस्तुओं की उम्र पता लगाने की वैज्ञानिक विधि) करके इस अनुमानित आयु का पता लगाया है। हजारों साल तक मनुष्य यह मानता रहा कि पृथ्वी, ब्रह्मांड का केंद्र है। बाद में पता चला कि सूर्य, हमारे सौर मंडल



के केंद्र में है और पृथ्वी समेत अन्य ग्रह उसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं।

**पांचवां सबसे बड़ा ग्रह:** पृथ्वी की भूमध्यरेखीय त्रिज्या (इक्वेटोरियल रेडियस) लगभग 6,378 किलोमीटर और व्यास (डायमीटर) लगभग 12,756 किलोमीटर है, जबकि इसकी ध्रुवीय त्रिज्या (पोलर रेडियस) लगभग 6,357 किमी और व्यास लगभग 12,714 किमी है। पृथ्वी हमारे सौर मंडल का पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।

**पृथ्वी की परतें:** परतों (लेयर्स) की बात करें, तो हमारी पृथ्वी को मुख्य रूप से तीन परतों में बांटा गया है- कोर, मेंटल और क्रस्ट। कोर पृथ्वी का सबसे आंतरिक भाग होता है। पृथ्वी के मध्य भाग को मेंटल कहते हैं, जबकि पृथ्वी के सबसे ऊपरी परत को क्रस्ट कहते हैं। क्रस्ट ही वह हिस्सा है, जिस पर मानव जीवन का अस्तित्व है।

**लगातार गतिशील है पृथ्वी:** बच्चो, हमारी पृथ्वी दो तरीके से गति करती है-घूर्णन (रोटेशन) और परिक्रमण (रिवॉल्यूशन)।

पृथ्वी अपने अक्ष (धुरी) पर पश्चिम से पूर्व की ओर घूमती है। पृथ्वी को अपना एक घूर्णन पूरा करने में लगभग 24 घंटे का समय लगता है। अपने अक्ष पर लगातार घूमते रहने के कारण ही पृथ्वी पर दिन और रात होते हैं। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 1667 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से घूमती है। घूर्णन के अलावा हमारी पृथ्वी सूर्य के चारों ओर एक दीर्घ वृत्ताकार (एलिप्टिकल) कक्षा में चक्कर भी लगाती है, जिसे परिक्रमण कहा जाता है। यह सूर्य के चारों ओर लगभग 1,07,226 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चक्कर लगाती है। सूर्य का एक चक्कर लगाने में पृथ्वी को 365.25 दिन का समय लगता है। परिक्रमण गति के कारण ही हमारी पृथ्वी पर ऋतु/मौसम परिवर्तन होता है।

**पानी का भंडार:** पृथ्वी पर जल का अथाह भंडार है। इसकी सतह का 71 प्रतिशत हिस्सा तो पानी से ही ढंका है। सिर्फ 29 प्रतिशत हिस्सा ही भूमि है। इस पानी में से केवल 3 प्रतिशत पानी ही मीठा/ताजा यानी अलवणीय और पीने योग्य है। बाकी 97 प्रतिशत पानी खारा है। पृथ्वी का लगभग 90 प्रतिशत ताजा पानी अंटार्कटिका की ध्रुवीय बर्फ के रूप में जमा हुआ है। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्यारी-मनोरंजक कहानियां

बच्चो, बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध लेखिका जया मित्र की बाल-कहानियों की किताब 'चार-पांच दोस्त' का हिंदी अनुवाद हाल में ही प्रकाशित होकर आया है। इसका अनुवाद किया है कल्लोल चक्रवर्ती ने। इसमें कुल चौदह कहानियां और एक नाटक संकलित है। इन कहानियों में बाग-बगीचे, फूलों वाले पेड़, नदी, पहाड़, जंगल, बारिश, चिड़िया, तितली आदि मौजूद हैं। इनके साथ



नन्हे बच्चों की खिलंदड़ी हरकतें मन को लुभाती हैं। हम सभी के जीवन में प्रकृति की कितनी महत्ता है, इसे बड़े सरल ढंग से ये कहानियां बताती हैं। 'चार-पांच दोस्त', दो चिड़िया चड़ुआ-बड़ुआ, दो नन्ही बच्चियों रियां-पियाल और एक छोटे लड़के गौतम की प्यारी-सी कहानी है। 'उस बार पहाड़ में' और 'तितलियों का गांव' समेत सभी कहानियां तुम्हें अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** चार-पांच दोस्त, **लेखिका:** जया मित्र, **अनुवाद:** कल्लोल चक्रवर्ती, **मूल्य:** 175 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले




**चिंटू :** अगर मिस्टर बीन सो जाए, तो हम उन्हें क्या कहेंगे?
**मिंटू :** पता नहीं। तुम्हीं बता दो, क्या कहेंगे?
**चिंटू :** सोयाबीन।
**-रमन, रायपुर**

**पापा :** आज मैथ्स टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से बीस नंबर कम।
**पापा :** अच्छा! मोनू के कितने नंबर आए हैं?
**सोनू :** बीस नंबर।
**-अमन, बिलासपुर**

**कंप्यूटर टीचर :** कंप्यूटर चलाने के लिए तुम्हें सबसे पहले ढंग से माउस पकड़ना आना चाहिए।
**रोहित :** लेकिन सर, माउस को तो बिल्लियां पकड़ती हैं।
**-दीक्षा, रोहतक**

## जीके क्विज-150

1. पहला 'पृथ्वी दिवस' किस वर्ष मनाया गया था?
2. 'पृथ्वी दिवस' मनाने की शुरुआत का श्रेय किसे जाता है?
3. हाल ही में किस भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी ने आइपीएल क्रिकेट में एक हजार बाउंड्रीज (चौके और छक्के) लगाने का रिकॉर्ड बनाया?
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को किस देश में 'सिटी की ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया?
5. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
6. दुनिया में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान कौन-सा है?
7. किस भारतीय शहर को 'द सिटी ऑफ पैलेस' कहा जाता है?
8. लोकनायक के नाम से किन्हें जाना जाता है?
9. भारतीय राष्ट्रीय कैलेंडर का पहला माह कौन सा है?
10. केरल की राजधानी कहां है?



बच्चों, जीके क्विज-150 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-149 का उत्तर :** 1.बिहार, 2.राजनाथ सिंह, 3.चंडीगढ़, 4.पोरबंदर (गुजरात), 5.प्रशांत महासागर, 6.कोलकाता में, 7.वेटिकन सिटी, 8.अकबर, 9.के-2, 10.हरिवंश राय बच्चन

**जीके क्विज-149 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, सुमन-रायपुर, संकेत-बिलासपुर, आर्यन-रोहतक, प्रज्ञा-धमतरी, राहुल-बालोद, प्रिया-महासमुंद, गौतम-दिल्ली, कनक-बलौदा बाजार, त्रिशा-राजनांदगांव



कहानी

मंजरी शुक्ला

अबीर अपने मामा जी और दोस्त हर्षित के साथ पिकनिक मनाने के इरादे से नदी किनारे आया। लेकिन तीनों नदी के आस-पास का नजारा देखकर दुखी हो गए। असल में वहां गंदगी बहुत थी। तो क्या तीनों पिकनिक का इरादा छोड़कर वापस लौट गए या वहां कुछ अनहोनी हो गई?

# मुस्कुरा उठी नदी



'तुम्हारे मामा इतनी दूर से तुमसे मिलने आए हुए हैं और तुम अपने कमरे में बैठे हुए हो!' मामा जी यह कहते हुए एकाएक अबीर के सामने आकर खड़े हो गए।

अबीर खुशी से उनसे लिपट गया, 'अरे! आप कब आ गए मामाजी?' 'आया तो अभी हूं। आज हम नदी किनारे पिकनिक मनाने चलेंगे।' मामा जी अबीर के गाल पर प्यार से चपत मारते हुए बोले।

अबीर तुरंत बोला, 'मामा जी, मैं अपने दोस्त हर्षित के घर जाकर उसे भी ले आता हूं। वह भी हमारे साथ पिकनिक मनाने चलेगा।' थोड़ी ही देर बाद मामा जी के साथ कार में बैठकर अबीर और हर्षित पिकनिक के लिए निकल गए। दोनों मजे से मामा जी से बात करते हुए चले जा रहे थे। मामा जी ने बताया, 'मेरे गांव में नदी का पानी इतना स्वच्छ और निर्मल रहता है कि सभी लोग नदी के पास किसी घने पेड़ के नीचे बैठकर अपना सुख-दुःख बांटते हैं, प्रकृति के करीब काफी समय बिताते हैं फिर शाम तक घर लौटते हैं।'

अबीर बोला, 'अच्छा! मामा जी इसी तरह की और बातें भी हमें बताएं ना!' मामा जी ने अपने बचपन की यादों का पिटारा खोल दिया। बातों ही बातों में न जाने कितना समय निकल गया, कुछ पता ही नहीं चला।

तभी हर्षित खुशी से चिल्लाया, 'ठंडी हवा आने लगी है, मतलब हम नदी के पास पहुंच गए हैं।' मामा जी ने एक जगह रुक कर गाड़ी लॉक की और बोले, 'आज हम लोगों को बहुत मजा आएगा।' 'यहां तो एक अजीब-सी बदबू आ रही है।' अबीर ने नाक पर हाथ रखते हुए कहा। थोड़ा आगे बढ़े तो हर्षित बोला, 'लग रहा है यहां पर लोग पिकनिक मनाने नहीं बल्कि अपने घर का कूड़ा डालने के लिए आए हैं।' 'वह आंटी तो पूरा बैग भरकर प्लास्टिक और अगरबत्ती के पैकेट नदी के अंदर डाल रही हैं।' मामा जी उस ओर इशारे करते हुए बोले। 'चारों तरफ चिप्स और बिस्किट के पैकेट बिखरे पड़े हुए हैं।' हर्षित धीरे से बोला।

'हम लोग कहीं और चलकर पिकनिक मनाते हैं।' अबीर मुंह बनाते हुए बोला। हर्षित ने भी सहमति जताई, 'अबीर सही कह रहा है। हम इतनी गंदी जगह बैठ कर पिकनिक नहीं मनाएंगे। यहां बैठकर खाना-पीना दूभर हो जाएगा।'

लेकिन मामा जी तो अपने आप में खोए हुए एकटक नदी की तरफ देखे जा रहे थे। कुछ देर बाद वह बोले, 'यही नदी हमारे गांव तक भी जाती है। वहां इसका पानी इतना साफ होता है कि तुम्हें गहरे पानी की मछलियां भी तैरती हुई साफ नजर आएंगी। सच बात तो यह है कि नदी गंदी नहीं होती है। हम इंसान मिलकर उसे गंदा या साफ बनाते हैं।'

'पर हम कर भी क्या सकते हैं? अगर हम इन लोगों को समझाएंगे तो क्या ये हमारी बात सुनेंगे?' अबीर दुखी स्वर में बोला। अबीर की बात सुनकर मामा जी ने इधर-उधर देखा। वहां पर खड़ी पुलिस की एक गाड़ी पर उनकी नजर पड़ी। वह तेजी से गाड़ी की ओर बढ़ गए। हर्षित डर गया और अबीर से बोला, 'अब तो पुलिस वाले मामा जी को पकड़ लेंगे।'

'तू थोड़ा कम डरा कर।' अबीर अपने दोस्त हर्षित के गाल पर चपत मारते हुए बोला।

मामा जी जब बहुत देर तक पुलिस वालों से कुछ बात करते रहे तो हर्षित से न रहा गया, बोला, 'लगता है पुलिस वालों से मामा जी की बहस हो रही है। चलो, चलकर उन्हें बचाते हैं।'

एक ही पल बाद मामा जी पुलिस इंस्पेक्टर और उसके तीन सिपाहियों के साथ एक दूसरी ओर जाते हुए दिखे। सभी उन लोगों के पास पहुंचे, जो नदी में और उसके आस-पास गंदगी फैला रहे थे। सिपाहियों ने उन लोगों से न जाने क्या कहा कि उनकी बात सुनते ही सभी के चेहरों पर हवाइयां उड़ने लगीं। सबने तुरंत सारा कूड़ा उठाकर मैदान में एक ओर लगे कचरे के डिब्बों में फेंक दिया। कुछ लोग तो अपने आप नदी के किनारे से प्लास्टिक की बोतलें वगैरह उठाकर कूड़े के डिब्बों में डालने लगे, जो उन्होंने फेंकी भी नहीं थी। देखते ही देखते वहां सब साफ-सुथरा नजर आने लगा।

मामा जी एक पेड़ की छांव के नीचे खड़े होकर हंसते हुए बोले, 'तो अब इस स्वच्छ जगह पर बिछा लें हम लोग अपनी चटाई और शुरू करें पेट पूजा?' लेकिन अबीर मामा जी का हाथ पकड़ते हुए बोला, 'पहले आप बताएं कि आपने उन पुलिस वालों से क्या कहा?' 'जब मैंने पुलिस वालों को बताया कि नदी इतनी गंदी हो रही है, इसका पानी काला हो रहा है तो उन्होंने कहा कि हम तो बहुत मना करते हैं पर कोई मानता ही नहीं है।' 'फिर आपने क्या कहा?' हर्षित ने उत्सुकता से पूछा। 'तो मैंने कहा कि आप उनसे यह क्यों नहीं बताते कि यही पानी, प्रोसेस होने के बाद नलों के द्वारा उनके घरों तक जाता है।' मामा जी गंभीर स्वर में बोले। अबीर ने मासूमियत से पूछा, 'तो क्या सचमुच इस नदी का ही पानी हमारे घरों में आता है?'

'और क्या, तुम्हारे घर की पानी की टंकी को भरने के लिए क्या हर बार बरसात होगी?' मामा जी ने हंसते हुए कहा। मामा जी के साथ अबीर और हर्षित भी हंस पड़े। तीनों ने पेड़ की छांव में बहती ठंडी हवा में अपने साथ लाए भोजन का मजा लिया। जब वहां से उठने लगे तो मामा जी ने ध्यान दिया कि लोग खाना खाकर प्लास्टिक और डिस्पोजेबल प्लेट नदी में नहीं फेंक रहे थे बल्कि अपने साथ लाए थैलों में रख रहे थे।

मामा जी ने नदी की तरफ बहुत ही प्यार से देखा और खुशी के मारे अपनी नम आंखें पोंछ लीं। उन्हें लगा जैसे नदी मुस्कुरा रही है। नदी को लग रहा है कि वो अब हमेशा स्वच्छ-निर्मल रहेगी। *

कविता

देवी प्रसाद गौड़



## धरती मां हम सबकी मां है

प्राण पले जिसकी गोदी में,
उस पृथ्वी को शीश झुकाएं।
कण-कण रहे सुगंधित इसका,
हरित क्रांति से धरा सजाएं।।
शुद्ध हवा से रोग मरेंगे,
पेड़ों पर चिड़िया चहकेंगी।
तन ताजा हो मन में मस्ती,
फूलों की बगिया महकेंगी।।
खाने को अन्न दिया तुमने,
पीने, अमृत जैसा पानी।
अमृत में विष नहीं घुलेगा,
बहुत हुई अब तक नादानी।।
दूर रहें नदियों से नाले
अलग व्यवस्था करनी होगी
हर जीवन पानी का प्यासा,
सबकी पीड़ा हरनी होगी।।
धरती की हर सांस प्रदूषित,
वर्षों से बीमार बेचारी।
धरती मां हम सबकी मां है,
समझें अपनी जिम्मेदारी।।
स्वच्छ रखेंगे सड़क जलाशय,
मिल-जुल कर करते श्रमदान।
शहर-नगर या गली गांव की,
इनसे बनती अपनी शान।।
हम भविष्य हैं इस पृथ्वी के,
सेवा है संकल्प हमारा।
जहरीला परिवेश हो गया,
पाना है इससे छुटकारा।।
रहें समर्पित जीवन भर,
फिर औरों को भी समझाएं।
एक रोज क्यों मने वर्ष में
हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएं।।

## रंग भरो-173

**रंग भरो-173** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





समृद्धि, शहडोल



सौम्य, बालोद



अन्वीक्षा, दुर्ग



आस्तिका, चांपा



सार्थक, रायपुर



वैदिक, कोरबा

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

डॉली-दुर्ग, आदित्य-खैरागढ़, डिंपल-दुर्ग, डिंपल-दुर्ग, राशि-दुर्ग, सत्यम-रायपुर, अमन-कोरबा, सक्षम-बिलासपुर, दिव्या-रायगढ़, जतिन-रोहतक, काव्या-महासमुंद, जीविका-बलौदा बाजार, सौम्या-भेपाल, आद्या-हिसार, कुसुम-बिलासपुर, राशि-दिल्ली

## रंग भरो 174



बच्चो, यहां पर 'पृथ्वी दिवस' से जुड़ा एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### कार सवार युवकों ने गेहूं व बाजरा किया चोरी

**सिरसा।** रोड़ी पुलिस ने सरदूलगढ़ निवासी रमनदीप पुत्र मिठूराम की शिकायत पर कार सवार तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में रमनदीप ने बताया कि वह सब्जी बेचने का काम करता है। उसने बताया कि बुधवार रात्रि करीब साढ़े आठ बजे वह अपने भांनजे शिव कुमार पुत्र काका के साथ गांव अलीकां में सब्जी बेचकर अपने रेहड़े पर लौट रहे थे। जब वे रोडी मोड़ रंगा रोड पर पहुंचे तो लघु शंका के लिए उन्होंने रेहड़ा रोक दिया। तभी सफेद रंग की कार पर आए तीन युवकों ने उनके रेहड़े से 40 किलो गेहूं, 40 किलो बाजरा और गल्ला उठाकर ले गए। गल्ले में करीब चार हजार रुपये और दो मोबाइल फोन थे। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्जकर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### घर बरामदे में खड़ी मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव ओटू में एक मकान से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में ओटू निवासी बंटी ने बताया कि उसने बीती 15 अप्रेल की शाम को घर के बरामदे में खड़ी की थी। रात्रि को चोर दीवार फांदकर घर में घुसे और बरामदे से बाइक चोरी कर ले गए। सुबह उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### कौशल्या बनी चेरिटेबल ट्रस्ट की संरक्षक

**सिरसा।** डेरा बाबा बुढण शाह चेरिटेबल ट्रस्ट की एक बैठक गांव सहारणी में हुई, जिसमें बहन कौशल्या को ट्रस्ट का संरक्षक नियुक्त किया गया। कौशल्या ने अपनी नियुक्ति के लिए समस्त ट्रस्टीगण का आभार व्यक्त किया और कहा कि जो जिम्मेदारी ट्रस्ट की ओर से दी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास करेंगी। ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने कहा कि ट्रस्ट सभी प्रकार के सामाजिक कार्यों के साथ-साथ पर्यावरण को बचाने के लिए भी लगातार अभियान चला रहा है।

### आदेश वापस न लेने पर बायकॉट करेंगे प्राथमिक शिक्षक

# ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने के विरोध में जिलेभर के शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

- प्रदर्शन की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उप प्रधान मास्टर राकेश मदान ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद






**फतेहाबाद।** ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने के विरोध में प्रदर्शन करते शिक्षक तथा ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने के विरोध में डीईओ को ज्ञापन सौंपते शिक्षक।

ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने के विरोध में जिलेभर के शिक्षकों ने आज राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन एवं हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन के आह्वान पर जिला सचिवालय में प्रदर्शन किया। सभी शिक्षक सरकार एवं शिक्षा विभाग विरोधी नारेबाजी करते हुए मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय तक पहुंचे और मौलिक शिक्षा अधिकारी फतेहाबाद संगीता बिश्नोई को मुख्यमंत्री व अतिरिक्त मुख्य सचिव शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंपा व ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने के इस आदेश को वापिस लेने की मांग की। प्रदर्शन की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उप प्रधान मास्टर राकेश मदान ने की। अध्यापक नेताओं ने शिक्षा विभाग की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध जमकर भड़ास निकाली।

हसला के जिला प्रधान लेक्चर कुलदीप शर्मा ने कहा कि सरकार शिक्षकों को हतोत्साहित करने के लिए नित नए तुगलकी फरमान जारी करती है। ऑनलाइन टीचर डायरी लिखना कतई व्यावहारिक नहीं है, इसमें बहुत सी समस्याएं हैं। वातानुकूलित कमरों में बैठे अधिकारी यह नहीं जानते कि फील्ड में शिक्षकों को कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मास्टर वर्ग एसोसिएशन के जिला प्रधान राकेश रेल्हन ने कहा कि बहुत से स्कूलों में नेटवर्क की समस्या है तथा असंख्य शिक्षक ऐसे हैं जो एंड्रॉयड फोन का इस्तेमाल ही नहीं करते। उनके लिए ऑनलाइन हो पाएगा।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महासचिव योगेंद्र वर्मा ने कहा कि विद्यालय प्रभारी का अधिकांश समय वैसे ही कागजी कार्यवाही में और ऑनलाइन कार्यों में व्यतीत होता है, उसके लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों की टीचर डायरी को ऑनलाइन सत्यापित करना संभव नहीं हो पाएगा। वक्ताओं कहा कि वर्तमान सरकार टीचर डायरी के माध्यम से भविष्य में शिक्षकों की वेतन वृद्धि रोकने व उन्हें जबरन रिटायर करने जैसे कार्य करेगी इसलिए अगर अभी इसका विरोध नहीं किया गया तो भविष्य के परिणाम बहुत खतरनाक होंगे।

राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के स्टेट चेयरमैन देवेंद्र दहिया ने हुंकार भरते हुए कहा कि आज हरियाणा के सभी जिलों में प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले ऑनलाइन डायरी लिखने का विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है और जब तक सरकार का यह आदेश वापिस नहीं हो जाता तब तक प्राथमिक शिक्षक ऑनलाइन डायरी लिखने का शत प्रतिशत बायकॉट करेंगे। प

राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान विकास टुटेजा, हसला जिला प्रधान सुनील शर्मा तथा मास्टर वर्ग एसोसिएशन जिला फतेहाबाद के प्रधान राकेश रल्हन ने बताया कि सभी शिक्षक वर्ग ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने का पुरजोर विरोध करते हैं और सरकार से इन आदेशों को वापस लेने की मांग करते हैं। शिक्षक ऑनलाइन डायरी नहीं लिखेंगे और ऑफलाइन ही डायरी लिखना जारी रखेंगे।



**सिरसा।** ऑनलाइन टीचर डायरी लिखने के विरोध में प्रदर्शन करते शिक्षक।

## सरकार अध्यापकों को प्रताड़ित करने का काम कर रही : अध्यापक नेता

*प्रदर्शन में अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

अध्यापक संगठनों ने वीरवार को ऑन लाइन डायरी लिखने के विरोध में लघु सचिवालय में धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व हसला के प्रधान कुलदीप ने किया। इस मौके पर अध्यापक नेताओं ने बताया कि एक तरफ तो सरकार द्वारा स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने को लेकर दबाव बनाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बिना मतलब के फरमान जारी कर अध्यापकों को प्रताड़ित करने का काम किया जा रहा है। सरकार ने सरकारी स्कूलों को पहले मॉडल स्कूल का दर्जा दिया, इसके बाद पीएमश्री का दर्जा दिया, जिसके तहत सरकारी स्कूलों में बच्चों की फीस लागू कर दी। बड़ी बात ये है कि सरकार ने पीएमश्री स्कूलों को हर प्रकार का फंड जारी कर दिया है, लेकिन दूसरे स्कूलों को कोई फंड नहीं मिलता, जिसका सीधा सा मतलब है कि सरकार निजी स्कूलों को लाभ देने के लिए सरकारी स्कूलों को बंद करना चाहती है। धरने में गैस्ट टीचर एसोसिएशन, हरियाणा शारीरिक शिक्षक संघ सहित अनेक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### ये है प्रमुख मांगें

अध्यापक संगठनों के नेताओं ने बताया कि सरकार ने हाल ही में ऑनलाइन डायरी का जो फरमान जारी किया है, उसे तुरंत प्रभाव से वापिस लिया जाए। एफएलएन के काम को बंद किया जाए। उल्लास का काम शिक्षकों से न करवाया जाए। चिराग योजना को बंद किया जाए।

# सिरसा : मंडियों में 2.19 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला की अनाज मंडियों में गेहूं और सरसों की खरीद का कार्य जारी है, अब तक दो लाख 19 हजार 718 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। डीएफएससी मुकेश कुमार ने बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 25 हजार 158 हजार मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा एक लाख 42 हजार 550 मीट्रिक टन तथा हरियाणा राज्य भंडारण निगम द्वारा 52 हजार 10 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि कालांवाली अनाज मंडी में 23,614 मीट्रिक टन, ऐलनाबाद अनाज मंडी में 14,351 मीट्रिक टन, सिरसा अनाज मंडी में 15,708 मीट्रिक टन, नाथूसरी चौपटा मंडी में 7466 मीट्रिक टन, डबवाली मंडी में 12602 मीट्रिक टन, बड़ागुढ़ा में 6131 मीट्रिक टन, बप्पां में 4535 मीट्रिक टन, डिंग में 8334 मीट्रिक टन, कुत्ताबढ में 3225 मीट्रिक टन, ओढां में 5111 मीट्रिक टन, जीवन नगर मंडी में 9020 मीट्रिक टन और रानियां में 12406 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। साथ ही जिला की अन्य मंडियों में भी गेहूं व सरसों की खरीद भी जारी है। उन्होंने बताया कि जिला की सभी मंडियों में फसल खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। पानी, बिजली व शौचालय आदि सुविधाओं के सुचारू रूप से उपलब्ध करवाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

### एसडीएम ने मंडी का दौरा कर खरीद कार्यों का जायजा लिया

**डबवाली।** एसडीएम अर्पित संगल ने वीरवार को डबवाली अनाज मंडी का दौरा कर गेहूं खरीद प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खरीद कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और आढ़तियों व किसानों से भी बातचीत की। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान मंडी में साफ-सफाई, तौल प्रक्रिया और फसल उठान व्यवस्था की जांच की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। फसल खरीद आवक के साथ साथ उठान भी किया जाए, ताकि मंडी में किसानों को अपनी फसल बेचने में असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके लिए पेयजल, पानी और बिजली की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर भाजपाइयों ने किया प्रदर्शन, राहुल गांधी का पुतला फूंका

- चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम आने के बाद कांग्रेसियों में बौखलाहट : प्रवीण जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंकते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

भाजपा कार्यकर्ताओं ने फतेहाबाद में नेशनल हेराल्ड घोटाले को लेकर वीरवार को प्रदर्शन किया और राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने भूना मोड़ कैंची पर राहुल गांधी, सोनिया गांधी और कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने कहा कि ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम आने के बाद कांग्रेसियों में बौखलाहट है। डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी की शिकायत पर केस शुरू हुआ। कांग्रेस पार्टी ने एजेएल को 90 करोड़ रुपये का लोन दिया। बाद में वाईआइएल ने इस कर्ज को मात्र 50 लाख रुपये में खरीद लिया और एजेएल की संपत्तियों दिल्ली का हेराल्ड हाउस पर कब्जा कर लिया।

कांग्रेस नेताओं पर आरोप था कि यह लेन-देन धोखाधड़ीपूर्ण था और कांग्रेस ने गलत तरीके से एजेएल की 2 हजार करोड़ रुपये की संपत्ति हथियाई गई। भाजपा नेता ने कहा कि जब यह केस ईडी के पास गया था तो ईडी की चार्जशीट में राहुल, सोनिया गांधी समेत सैम पित्रोदा सहित कई कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के नाम आए। इसके बाद सोनिया और राहुल ने विरोध प्रदर्शन कर देश में भ्रम फैलाने फैलाया कि पीडित हैं जबकि वे वास्तव में आरोपी हैं। इसी संबध में ईडी ने समन भेजकर तलब किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि सोनिया और राहुल गांधी अपने घोटाले को छुपाने के लिए देश को गुमराह कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज फतेहाबाद जिला भाजपा की ओर से भूना मोड़ कैंची पर राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान पर जिला महामंत्री अशोक जाखड़, जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, विकास ललौदा, विकास शर्मा, कंवल चैधरी, बनवारी लाल, शम्मी ढिंगड़ा, आर्यन ग्रोवर, सौरभ रत्ती, विक्की मराठी, रवि शर्मा, परमजीत बेनीवाल, रोहित रत्ती, जगदीप मोंगा, विजय जांगड़ा, अरूण सेठी, सुभाष भट्टू, सुभाष चंदोरा, रमन सरोवा, सोनू वर्मा, सुल्तान, जगदीश नायक, नायब सिंगीकाट, जसविन्द्र सिंह, मनोज गुर्जर, कुलदीप, रामनिवास, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जिला बार संघ कार्यालय पहुंचे विधायक भरत सिंह बैनीवाल



**सिरसा।** ऐलनाबाद के विधायक भारत सिंह बैनीवाल वीरवार को सिरसा बार संघ कार्यालय में पहुंचे। जिला बार संघ प्रधान चौधरी गंगाराम ढाका ने विधायक के समक्ष पब्लिक टॉयलेट बनाने के लिए मांग रखी, जिस पर विधायक भरत सिंह बैनीवाल ने सहर्ष स्वीकार करते हुए पब्लिक टॉयलेट के निर्माण का समस्त खर्च वहन करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि जनहित में कोई भी कार्य हो, उसके लिए वे सदैव तैयार हैं। जनता ने उन्हें अपना समर्थन देकर विधायक बनाया है और जनता के हितार्थ कार्य करना हमारा भी फर्ज बनता है। उन्होंने बार संघ पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी जनता के हित में कार्य के लिए बेझिझक होकर बताएं, बिना देरी के उसे पूरा करवाया जाएगा। उपस्थित बार पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि विधायक भरत सिंह बैनीवाल को पौधा देकर सम्मानित किया।

## काली मां की मूर्ति स्थापना से पूर्व निकाली शोभा यात्रा



**ओढां।** नवनिर्मित काली माता मंदिर में गौशाला रोड पर शीतला माता व शनिदेव मंदिर के पास 18 अप्रैल को माता की मूर्ति स्थापना की जाएगी। वीरवार को आचार्य संजीव शास्त्री, विपिन शर्मा, वरुण शर्मा, प्रवेश शर्मा व पुजारी अशोक शर्मा द्वारा विधिवत रूप से मंत्रोच्चारण के साथ मुख्य यजमान प्रेम कुमार गोयल के हाथों से पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद माता काली की मूर्ति को ट्रैक्टर ट्रॉली में सजाकर गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें अनेक पुरुष एवं महिला श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभा यात्रा गांव के मुख्य मार्गों, गलियों व मोहल्लों से होते हुए वापिस मंदिर में पहुंची। इसके बाद आचार्य संजीव शास्त्री व विपिन शर्मा ने कमेटी सदस्यों के सहयोग से विधिपूर्वक मंदिर में मूर्ति स्थापित की। आचार्य संजीव शास्त्री ने बताया कि मूर्ति स्थापना से पहले शोभायात्रा एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जो भक्तों की भक्ति और उत्साह को दर्शाता है। यह यात्रा मूर्ति को मंदिर में स्थापित करने से पहले उस गांव या शहर में ले जाती है, जिससे लोग उसकी पूजा कर सकें। मंदिर कमेटी के प्रवक्ता राजेंद्र गोयल बंटी ने बताया कि 18 अप्रेल को सुबह 11:15 बजे मूर्ति स्थापना के बाद गांववासियों के सहयोग से अटूट लंगर बरताया जाएगा। इस अवसर पर बाबा भगवानदास गर्ग, मंदिर के पुजारी अशोक शर्मा, राजेन्द्र गोयल बंटी, करनैल सिंह ओढ़ा, गुरदीप सिंह ब्लॉक समिति सदस्य, रतन लाल गर्ग, सतीश गर्ग, रामलाल गर्ग, हरदेव पप्पी वर्मा, प्रिंस गोयल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सिरसा को बनाएं इनेलो का अभेद्य किला: आदित्य देवीलाल



**सिरसा।** डबवाली के विधायक व हिसार जोन के प्रभारी आदित्य देवीलाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर सिरसा को इनेलो का अभेद्य किला बनाएं तथा अपनी ऊर्जा, उत्साह से इनेलो को संगठनात्मक तौर पर देश का सबसे मजबूत संगठन बनाएं। विधायक आदित्य डबवाली रोड स्थित इनेलो जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज इनेलो एक बड़े और मजबूत संगठन के रूप में उभर रहा है तथा प्रत्येक कार्यकर्ता में उत्साह का संचार पाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्ता तक पहुंचने का साधन मजबूत संगठन और उत्साही कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि जनता चाहती है कि इनेलो सत्तासीन हो, इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को मिलकर किन्हीं कारणों से रूठे हुए पुराने कार्यकर्ताओं को फिर से संगठन से जोडना होगा तथा घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों व योजनाओं को प्रचारित करना होगा। उन्होंने मंत्र दिया कि 10 बूथ का एक जोन बनाएं और उस पर समर्पण भाव से कार्य करें। आदित्य ने कहा कि चौधरी देवीलाल 36 बिरादरियों के नेता थे और इनेलो ने कभी भी जाति धर्म की राजनीति नहीं की जबकि भाजपा जाति धर्म की राजनीति कर समाज में अवसाद का माहौल पैदा कर रही है।

## न्यूज डायरी

### श्री देव प्रकाश मोंगा मेमोरियल चयन स्पर्धा 27 से

**सिरसा।** जिला शतरंज संघ द्वारा आगामी 27 अप्रेल 2025 को श्री देव प्रकाश मोंगा मेमोरियल चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सचिव एसडीसीए एडवोकेट एएस कालरा ने बताया कि 29वीं राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप (लडके और लड़कियां) अंडर-7, 13 और 19 के लिए खिलाडियों (हरियाणा राज्य शतरंज चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए) के चयन के लिए सिरसा क्लब (फैमिली हॉल) डबवाली रोड, सिरसा में चयन होगा, जोकि आगामी 3 और 4 मई को एसआरएम यूनिवर्सिटी सोनीपत में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप अंडर-9 और 15 आगामी 24 और 25 मई को फरीदाबाद में, अंडर-11 आगामी 17 जून के अंतिम सप्ताह तक झज्जर में होगी।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दम

**ओढां।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतिम दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया। 5000 मीटर दौड़ 19 वर्षीय वर्ग में जेएनवी महेंद्रगढ़ के ऋतिक ने प्रथम, थमत कुमार जेएनवी पंचकूला ने द्वितीय, 1500 मीटर दौड़ 19 वर्षीय में हरि सिंह हनुमानगढ़ प्रथम, अंकुर पंचकूला द्वितीय, आतिश सूरतगढ़ तृतीय, 1500 मीटर के 17 वर्षीय वर्ग में सीकर के ललित ने प्रथम, लांग जंप 14 वर्षीय प्रतियोगिता में श्रीगंगानगर से नव्या ने प्रथम, भिवानी से मोबिन ने द्वितीय, झुंझुनू से प्रवीण ने तृतीय, लंबी कूद 17 वर्षीय वर्ग में फतेहाबाद के विष्णु ने प्रथम, झज्जर के आदित्य ने द्वितीय, हनुमानगढ़ के अंकित ने तृतीय, ट्रिपल जंप 19 वर्षीय वर्ग में कुरुक्षेत्र के विशाल ने प्रथम स्थान पाया।

**प्रतियोगिता** ‘हमारा संविधान, हमारा सम्मान’ विषय पर एमएम कॉलेज में सेमिनार व वाद-विवाद प्रतियोगिता

# देश के नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों की रक्षा करता है भारतीय संविधान : मोनिका वर्मा

- विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए भारतीय संविधान को लेकर अपने विचार रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद




फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में आयोजित सेमिनार में भाग लेते मुख्यअतिथि, स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

भारतीय संविधान हमें आजाद देश का नागरिक होने की भावना का अहसास करता है। संविधान में दिए गए मौलिक अधिकार हमारी ढाल बनकर हमारा हक दिलाते हैं वहीं इसमें दिए मौलिक कर्तव्य हमें हमारी जिम्मेदारियों को भी याद दिलाते हैं। भारत के इस नागरिक को संविधान की पालना करते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए।

यह बात चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय, सिरसा से फिजिकल डिपार्टमेंट से विभागाध्यक्ष प्रो. मोनिका वर्मा ने मनोहर मैमोरियल कॉलेज में भारतीय संविधान के गरिमामय 75 वर्ष पूर्ण होन के उपलक्ष्य में आयोजित सेमिनार को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार ‘हमारा संविधान, हमारा सम्मान : डॉ. अम्बेडकर की विरासत’ विषय पर कॉलेज में अनेक तरह की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने मुख्यअतिथि का कॉलेज में पहुंचने पर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन इतिहास डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र पाल सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रो. विरेन्द्र, प्रो. सरोज व प्रो. ममता स्वामी द्वारा वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए भारतीय संविधान को लेकर अपने विचार रखे।

विद्यार्थियों को संविधान की पालन की शपथ दिलाते हुए प्रो. मोनिका वर्मा ने कहा कि कोई भी देश बिना संविधान के नहीं चल सकता। देश का शासन और सरकार कैसे चलेगी, सरकार के विभिन्न अंगों की रुपरेखा कैसी होगी, किस पद पर नियुक्ति कैसे होगी और उसके क्या कार्य होंगे, देश के नागरिकों के अधिकार और कर्तव्य क्या होंगे और इनकी रक्षा कैसे होगी, कानून क्या होगा, एक देश को बचाने के लिए यह सभी बातें संविधान में ही निहित है। इसलिए संविधान एक बेहद महत्वपूर्ण दस्तावेज है। आधुनिक भारत का सपना देखने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार थे। भारतीय संविधान में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व जैसे सिद्धांतों को शामिल करने का श्रेय उन्हें ही जाता है। प्रो. सुरेन्द्रपाल सिद्धू ने भारतीय संविधान का महत्व, इतिहास और संविधान निर्माण को लेकर विस्तार से जानकारी साझा की। अंत में मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रो. तृप्ता मेहता, प्रो. प्रतिभा मखीजा, कैप्टन रजनी वर्मा, डॉ. विजय गोयल, प्रो. तारिका नारंग, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. रश्मि, प्रो. सलोनी, प्रो. सरोज, प्रो. शंकी, प्रो. गुरप्रीत सिंह सहित समस्त स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### विश्व हीमोफीलिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सिरसा।** विश्व हीमोफीलिया दिवस पर जिला नागरिक अस्पताल व राजकीय एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आमजन को हीमोफीलिया और थैलेसीमिया जैसे रक्तस्राव विकारों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से महिलाओं और लड़कियों में इन रोगों को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना और इनके लक्षणों व उपचार के प्रति सजग बनाना रहा। नोडल अधिकारी डॉ. अनिशा गुप्ता ने बताया कि हीमोफीलिया एक अनुवांशिक विकार है, जिसमें रक्त का थक्का नहीं बनता, जिससे मामूली चोट में भी अत्यधिक रक्तस्राव हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष वर्ल्ड हीमोफीलिया डे की थीम ‘सभी के लिए पहुंच’ है, जिसका विशेष संदेश है कि महिलाएं और लड़कियां भी रक्तस्राव से ग्रसित हो सकती हैं। अक्सर यह रोग केवल पुरुषों से जोड़ा जाता है, लेकिन महिलाओं में भी इसके लक्षण आ सकते हैं, जिन्हें कई बार नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं को कुछ ऐसे लक्षण जैसे अत्यधिक मासिक धर्म, ऑपरेशन या डिलीवरी के समय अधिक रक्तस्राव, आदि समस्या का सामना करना पड़ता है।

### सब जूनियर हैंडबॉल में छाए भरोखा स्कूल के छात्र



**सिरसा।** उड़ीसा में आयोजित सब जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजकीय व विद्यालय भरोखां के कक्षा 9 के विद्यार्थी नवी सिंह व कक्षा 11 के विद्यार्थी सौरभ ने कांस्य पदक जीतकर भरोखां स्कूल व गांव का नाम रोशन किया है। हरियाणा का एकमात्र भरोखां स्कूल ही है जिसमें से दो खिलाडियों का चयन हरियाणा की टीम में हुआ है।

### सरकार की नीतियों के खिलाफ होगा आंदोलन: सिंह



**डबवाली।** नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को ईडी द्वारा चार्जशीट करने के विरोध में गुरूवार को डबवाली कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. केवी सिंह के नेतृत्व में एसडीएम डबवाली को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंप अपना विरोध दर्ज करवाया। डॉ. केवी सिंह ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, लेकिन 10 वर्ष से चल रही वर्तमान सरकार अपने विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय इन्वेंशन ब्यूरो जैसी संवैधानिक संस्थाओं पर सत्ता का दबाव डालकर इन संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है।

### निशू योग ओलंपियाड में जिला स्तर पर रही प्रथम



**चोपटा।** सिरसा के भगत सिंह स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय योगा ओलंपियाड में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नाथूसरी कलां की 10वीं कक्षा की छात्रा निशू कुमारी ने इस प्रतियोगिता में जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य कमल कुमार ने बताया कि कक्षा 6 से 10वीं तक के वर्ग में योग ओलंपियाड में निशू कुमारी ने पहले नाथुसरी चोपटा ब्लॉक में प्रथम स्थान हासिल किया था। अब शहीद भगत सिंह स्टेडियम सिरसा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 28 प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि अब यह विजेता विद्यार्थी राज्य स्तरीय योगा ओलंपियाड में अपना प्रदर्शन दिखाएंगी।

## खबर संक्षेप

### मंडी में किसानों को नहीं आएगी कोई समस्या

**सिरसा।** दी एसोसिएशन आढ़तियान की बैठक वीरवार को प्रधान प्रेम बजाज की अध्यक्षता में हुई। एसोसिएशन के महासचिव राजेंद्र नढा ने बताया कि इस मीटिंग में ट्रकों के ठेकेदारों से कितनी गाडियां लेने व उन्हें पोर्टल पर चढ़ा कर सभी जोनों में बांटने बारे और आगामी गेहूं के सीजन को सुचारू रूप से चलाने को लेकर विचार-विमर्श हुआ। प्रधान प्रेम बजाज ने कहा कि मंडी में किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि फसल की खरीद के साथ-साथ एसोसिएशन उठान कार्य में तेजी को लेकर भी प्रयास करेगी।

### फर्जी दस्तावेजों पर विदेश भेजने वालों पर शिकंजा

**फतेहाबाद।** फर्जी दस्तावेजों पर युवाओं को विदेश भेजने वालों पर शिकंजा कसते हुए जिला पुलिस ने रतिया के एक एजेंट के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में एएसआई अमर सिंह ने कहा है कि गश्त के दौरान जब वह पुलिस टीम के साथ रतिया बस अड्डे पर मौजूद थे तो उन्हें सूचना मिली कि महेन्द्र सिंह उर्फ मनेन्द्र सिंह पुत्र गुरचरण सिंह निवासी चिम्मो रतिया में बस अड्डे के पीछे वाली गली में ग्लोबल अकैडमी पीटीई के नाम से अकैडमी चलाता है और बच्चों को विदेश भेजने का काम करता है।

### रतिया व टोहाना क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** जिले में वाहन चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। गत दिवस भी चोरों ने रतिया व टोहाना क्षेत्र से दो मोटरसाइकिल चोरी कर लिए। दोनों मामलों में पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव डिग्गी ढाणी, रतिया निवासी लीलाराम ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। उसने अपने मोटरसाइकिल को मॉडल टाऊन में मदर इंडिया स्कूल के पास खड़ा किया और काम पर चला गया।

### जाखल क्षेत्र से मां-बेटी लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के जाखल क्षेत्र से एक मां-बेटी के लापता होने का समाचार है। इस बारे जाखल पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत मे टोहाना के गांव सिधानी निवासी एक युवक ने कहा है कि गत दिवस सुबह उसकी 30 वर्षीय पत्नी 9 साल की बेटी के साथ अपने मायके गोबिंदगढ़ मंडी जाने के लिए घर से गई थी और उसके बाद वह न तो अपने मायके पहुंची है और न ही उससे कोई सम्पर्क हो पाया है। इस पर उन्होंने मां-बेटी की काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला।

### फाइनेंसर व उसके साथियों पर मारपीट का आरोप

**फतेहाबाद।** गांव नागपुर में एक फाइनेंसर द्वारा अपने साथियों के साथ दो युवकों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में नकटा रोड, ढाणी खुम्बर निवासी सर्वजीत सिंह ने कहा है कि वह आदमपुर के अस्पताल में काम करता है। उसके दोस्त करणदीप सिंह निवासी अलीका का गांव हुकमावाली में आरएमपी क्लीनिक है। करणदीप सिंह ने गांव चनकोठी के नवदीप सिंह से 68 हजार रुपये फाइनेंस पर उधार ले रखे है जिसकी वह 7170 रुपये मासिक किस्त भरता है। इस महीने वह किस्त नहीं भर पाया।

### पुलिस ने नशा तस्कर युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत भट्टूकलां पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान सोनू पुत्र राजकुमार निवासी प्रताप नगर, भट्टू मंडी के रूप में हुई है। थाना भट्टूकलां पुलिस ने इस बारे 11 अप्रैल को एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। थाना भट्टूकलां प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि पवन कुमार हेरोइन बेचने का धंधा करता है।

---

हंगामे के बाद एससी कोटे की जमीन की बोली स्थगित

# भूमि पर 20 साल से सामान्य वर्ग का व्यक्ति कर रहा खेती

- भविष्य में संबंधित वर्ग के लोग ही पट्टा नीलामी में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना



**भूना।** बीडीपीओ कार्यालय में विरोध प्रकट करते अनुसूचित जाति वर्ग के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

ग्राम पंचायत जांडली कलां में वीरवार को पंचायती जमीन की वार्षिक पट्टा नीलामी के दौरान हंगामा हो गया। अनुसूचित जाति कोटे के लिए आरक्षित 15 एकड़ जमीन पर पिछले 20 वर्षों से एक सामान्य वर्ग का व्यक्ति खेती कर रहा है। इसको लेकर एससी वर्ग के लोगों ने विरोध किया। लोगों ने आरोप लगाया कि अधिकारी और सरपंच की मिलीभगत से यह कब्जा चल रहा है। विरोध के चलते ग्राम सचिव राजेश शर्मा और सरपंच शीला भैरो ने एससी कोटे की जमीन की बोली स्थगित कर दी। गांव के रोहताश कुमार, पवन कुमार, राजमल सिंह, सुरेंद्र कुमार, सत्यवान, रमेश कुमार, सुनील कुमार, पंच उमेश कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, भीम सिंह और पंच सोनू ने बताया कि यह जमीन एससी/एसटी समुदाय के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आरक्षित है, लेकिन सामान्य वर्ग का व्यक्ति इस पर खेती कर रहा है। उसने हर एकड़ में अंडरग्राउंड सबमर्सिबल ट्यूबवेल की पाइपलाइन दबा रखी है। आरोप लगाया कि शराबी व्यक्ति को लालच देकर बोली बढ़वाई जाती है। इससे एससी वर्ग के लोगों को उनका हक नहीं मिल पाता। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पंचायत अधिकारी सामान्य वर्ग के व्यक्ति को संरक्षण दे रहे हैं। यह एससी/एसटी समुदाय के अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने मांग की कि इस अवैध नीति को तुरंत हटाया जाए। उन्होंने कहा कि एससी कोटे की जमीन पर खेती करना गैरकानूनी है। संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई करनी चाहिए।

#### पंचायत के पास 53 एकड़ उपजाऊ जमीन

ग्राम पंचायत जांडली कलां के पास कुल 53 एकड़ उपजाऊ जमीन है। नियम के अनुसार 30 प्रतिशत एससी, 10 प्रतिशत बीसी, 10 प्रतिशत स्वतंत्रता सेनानी या उनके आश्रितों और 50 प्रतिशत सामान्य वर्ग को पट्टे पर जमीन दिया जाना हर पंचायत में प्रस्तावित है, लेकिन अधिकतर पंचायतों में एससी कोटे की जमीन पर सामान्य वर्ग के लोग खेती कर रहे हैं। पंचायत रिकॉर्ड में जमीन आरक्षित वर्ग के नाम दिखाई जाती है, लेकिन असल में कब्जा किसी और का होता है।

#### ये बोलीं सरपंच

सरपंच शीला भैरो ने बताया कि वीरवार को पंचायत की जमीन की बोली रखी गई थी। कुछ लोगों ने एससी कोटे की जमीन को लेकर आपत्ति जताई। आरोप लगाया कि सामान्य वर्ग का व्यक्ति ऊंची बोली देकर उनका अधिकार छीन रहा है। इसलिए ग्राम सचिव राजेश शर्मा से चर्चा के बाद एससी कोटे की बोली स्थगित कर दी गई। परंतु भविष्य में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के अलावा दूसरे लोगों को पट्टा नीलामी में शामिल नहीं किया जाएगा। वहीं समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी रामपाल मलिक ने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा पंचायत की जमीन में अंडरग्राउंड सबमर्सिबल ट्यूबवेल की पाइपलाइन दबाने की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा है तो यह गलत है, इस पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पंचायत रिकॉर्ड में एससी कोटे की जमीन सामान्य वर्ग के नाम पर दर्ज नहीं है। यह जमीन आरक्षित वर्ग को ही दी गई है और आगे भी उसी वर्ग को दी जाएगी।

---

# छात्राओं को एनीमिया व भ्रूण हत्या की रोकथाम तथा घटते लिंगानुपात पर किया जागरूक

- राजकीय कन्या विद्यालय, भोडिया खेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में राजकीय कन्या विद्यालय, भोडिया खेड़ा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनीमिया की रोकथाम, कन्या भ्रूण हत्या की समाप्ति तथा घटते लिंगानुपात पर जन-जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर डॉ. सुनीता सोखी ने एनीमिया विषय पर विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने एनीमिया के कारण, लक्षण और रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने संतुलित व पौष्टिक आहार के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि किस प्रकार आयरन युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन से एनीमिया से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में सुपरवाइजर स्नेहलता ने घटते लिंगानुपात की समस्या को गंभीरता से समझाया और समाज में कन्याओं की स्थिति को सुधारने के लिए सभी को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से जुडने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं और इसका प्रमाण देश की महान बेटियों के रूप में हमारे सामने है। उन्होंने भारत देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अंतरिक्ष वैज्ञानिक कल्पना चावला और अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स जैसे उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि बेटियों को उचित अवसर और समर्थन मिलें तो वे देश-दुनिया में नाम रोशन कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने महिला एवं बाल विकास विभाग का आभार व्यक्त किया और छात्राओं से आह्वान किया कि वे खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाएं और समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ें। इस अवसर पर सुपरवाइजर ममता, ज्योति, किरण, खुशी व स्कूल के अन्य अध्यापक तथा विद्यार्थी मौजूद रहे।

# हिजरावां कलां में बेटियों के सशक्तिकरण पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ब्लॉक फतेहाबाद के गांव हिजरावां कलां में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को बेटियों के अधिकार, प्रारंभिक शिक्षा, बाल विवाह की रोकथाम और पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में उपस्थित सुपरवाइजर मीनू वर्मा ने घटते लिंगानुपात पर चिंता व्यक्त करते हुए विभाग द्वारा बेटियों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आपकी बेटी हमारी बेटी योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि ये योजनाएं बेटियों के जन्म, शिक्षा व पोषण को प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई हैं। सुपरवाइजर ज्योति जांगड़ा ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह एक गंभीर कानूनी अपराध है, जिसके अंतर्गत दोषी को दो साल की सजा और एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।

### रामनगरिया स्कूल में ट्रस्ट ने बांटी स्टेशनरी

**सिरसा।** ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज ट्रस्ट द्वारा रामनगरिया के सरकारी स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित की। कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा के प्रदेश मंत्री सुरेंद्र आर्य ने कहा कि महामना फूले व बाबा साहेब ने गरीबों के उत्थान के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया था। इन महापुरुषों से प्रेरणा लेकर हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नित नई योजनाएं ला रहे हैं, ताकि गरीब व मजदूरों को अधिक से अधिक लाभांवित किया जा सके। इस अवसर पर चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के कर्मचारी नेता रविंद्र सैनी ने कहा कि ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज ट्रस्ट से प्रेरणा लेकर अन्य समाजसेवी संस्थाओं को भी आगे आकर ऐसे नेक कार्य करने चाहिए।

---

# रतिया मंडी में अटल कैंटीन शुरू

- पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने मंडी का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया



**रतिया।** अनाज मण्डी में अटल किसान मजदूर कैंटीन का शुभारंभ करते पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल। *फोटो : हरिभूमि*

पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने आज रतिया अनाज मंडी में अटल किसान मजदूर कैंटीन का शुभारम्भ किया। रतिया पहुंचने पर पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल का रतिया एसडीएम सुरेश कुमार, मार्किट कमेटी सचिव व अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियां जन जन तक किसान मजदूर तक पहुंचे। इसके लिए अनाज मंडी में आज अटल किसान मजदूर कैंटीन खोली गई है। इससे मंडी में अपनी फसल लेकर आने वाले किसानों, मजदूरों को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक मात्र 10 रुपए में शुद्ध ताजा खाना मिलेगा। इसके पश्चात पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने मंडी में आ रही गेहूं के गेहूं की आवक को लेकर अधिकारियों के साथ अनाज मंडी का निरीक्षण किया ताकि किसी भी किसान, मजदूर व व्यापारी को कोई दिक्कत न आए। उन्होंने कहा कि गेहूं के सीजन में किसी भी किसान व व्यापारी को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। किसान की फसल का एक एक दाना खरीदा जाएगा।

# डीएवी पुलिस स्कूल में शूटिंग कैंप का शुभारंभ

- शूटिंग से विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता और लक्ष्य के प्रति सपर्मण की बढ़ती है भावना : अरूण शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीएवी पुलिस स्कूल में आयोजित शूटिंग कैम्प में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों में शूटिंग खेल के प्रति रूचि पैदा करने के उद्देश्य से बेस्ट शूटर्स शूटिंग अकैडमी, फतेहाबाद के सहयोग से तीन दिवसीय कैम्प का आज शुभारंभ हुआ। शूटिंग कैम्प को लेकर स्कूल के विद्यार्थियों में काफी उत्साह नजर आया। स्कूल प्राचार्य अरूण शर्मा ने इस कैम्प का शुभारंभ किया। तीन दिन तक चलने वाले इस कैम्प में अकैडमी के कोच अनिल खरबास द्वारा विद्यार्थियों को शूटिंग खेल की बारीरिकों से अवगत करवाया जाएगा।

प्राचार्य अरूण शर्मा ने कैम्प के आयोजन को लेकर अनिल खरबास का धन्यवाद करते हुए कहा कि शूटिंग खेल में अनुशासन और मेडिटेशन बेहद जरूरी है। इससे खिलाड़ियों की मानसिक व शारीरिक क्षमताएं बेहतर होती है वहीं विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता और लक्ष्य के प्रति समर्पण की भावना बढ़ती है। उन्होंने कहा कि राइफल शूटिंग में हमारे देश के खिलाड़ियों ने विश्वभर में अपनी धाक जमाई है और ओलम्पिक व कॉमनवेल्थ में मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि इस खेल के माध्यम से युवा अपना कैरियर भी बेहतर बना सकते हैं। अनिल खरबास ने कैम्प के पहले दिन विद्यार्थियों को शूटिंग खेल के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

---

# धरोहरों के संरक्षण के प्रति किया जागरूक

- क्रेसण्ट स्कूल में मनाया गया विश्व धरोहर दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद




**फतेहाबाद।** क्रेसंट स्कूल में विश्व धरोहर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

क्रेसंट स्कूल में 'आपदाओं और संघर्ष से खतरों में पड़ी विरासत' थीम के साथ विश्व धरोहर दिवस मनाया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्व धरोहर स्थलों की जानकारी देना, उनके महत्व को समझाते हुए यह बताना था कि इनका संरक्षण क्यों जरूरी है। इस अवसर पर एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढक़र हिस्सा लिया। भूमिका एवं एंजल के मंच संचालन में निमरत व बेसिल ने अपने सुविचारों के माध्यम से बताया कि धरोहरें केवल पुरानी इमारतें नहीं होतीं, बल्कि ये हमारे इतिहास और संस्कृति की पहचान होती हैं। महक एवं हरसिमरन ने अपने सुव्याख्यान में बताया कि अगर हम आज अपनी धरोहरों की रक्षा नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ अपने इतिहास को नहीं जान पाएँगी। तनिशा एवं दीक्षा ने 'मात्र इन्हें इमारत मत समझो, ये संस्कृति की धरोहर हैं, हमें इन्हें हर हाल में बचाना होगा।

#### इतिहास की जानकारी

हर्षल व सेजल ने ताजमहल और कुतुब मीनार जैसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी देते हुए इन इमारतों की खासियत और इतिहास के बारे में बताया। यश व छात्रा पलक ने सामान्य ज्ञान एवं स्पेल चेक के माध्यम से विश्व धरोहर दिवस से संबंधित प्रश्न व मजेदार एवं सीखने वाली स्पेलिंग पूछ कर उपस्थित विद्यार्थियों के ज्ञान को परखा। शिक्षिका अंजू दहिया ने विद्यार्थियों के समक्ष प्रमुख धरोहर स्थलों की विशेषताओं व ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को सांझा किया। प्रधानाचार्या पूनम ने विद्यार्थियों को सराहा।

# सफाई कर्मी मानदेय को तरसे

- बच्चों के दाखिले और चूल्हा जलाना हुआ मुश्किल : सुनील

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

प्रदेश में करीब 11 हजार ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को अभी तक मानदेय नहीं मिला है। ऐसे में इन कर्मचारियों के लिए बच्चों का दाखिला करवाना और घरों में चूल्हा जलाना तक मुश्किल हो गया है। समय पर मानदेय के भुगतान व अन्य मांगों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारी 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़चढ़ कर भाग लेंगे। यह बात ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला प्रधान सुनील कुमार, जिला सचिव हरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष बलबीर सिंह ने हड़ताल की तैयारियों को लेकर ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सबसे कम मानदेय लेने वाले कर्मचारियों को मार्च एवं अप्रैल का मानदेय तुरंत दिया जाए। गेहूं खरीदने के लिए 20 हजार रुपये बिना ब्याज के एडवांस दिए जाएं। उन्होंने कहा कि 24 नवम्बर को जींद में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित राज्य स्तरीय महासम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को 26 हजार वेतन देने की घोषणा की थी, लेकिन करीब 6 महीने बीत जाने के बावजूद आज तक यह घोषणा लागू नहीं हुई है। 6 फरवरी को केवल एक हजार रुपये बढ़ोतरी करके 16 हजार वेतन का पत्र जारी किया गया।

#### ये बोले ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के नेता

यूनियन नेताओं ने कहा कि 26 हजार वेतन एक साथ लागू करने की बजाय इसको टुकड़ों में लागू करने की सरकार की मंशा दिखाई दे रही है जो उचित नहीं है। वास्तव में अगर मुख्यमंत्री और हरियाणा सरकार दलितों के प्रति गम्भीर है तो सफाई कर्मियों के लिए तुरन्त प्रभाव से 26 हजार वेतन जनवरी से लागू किया जाए। एक हजार आबादी पर एक कर्मचारी लगाते हुए 7326 नए सफाई कर्मी भर्ती करने की घोषणा को भी लागू किया जाए। यूनियन नेताओं ने तुरंत प्रभाव से वेतन जारी करने, सालभर का बजट देने, हर महीने 7 तारीख से पहले मानदेय का भुगतान करने की मांग की।

---

# नौकरी लगवाने के नाम पर भाइयों से ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

दो भाइयों को नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान राजेश पुत्र प्रकाश निवासी पिपलथा जिला जींद के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना पुलिस ने इस बारे 19 अगस्त 2024 को गांव डांगरा निवासी सुनीता देवी की शिकायत पर धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार कुछ महीने पहले उसकी मुलाकात राजेश के साथ हुई। राजेश टोहाना में नंदी गौशाला के पास किराये के मकान में रहता था। राजेश ने उससे कहा कि उसकी सरकारी अधिकारियों व हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन में जान-पहचान है और वह उसके लडक़ों को सरकारी नौकरी लगवा सकता है। उसने एक नौकरी के लिए 5 लाख रुपये मांगे और उसके लडक़े को फौज में व दूसरे को रेलवे में टीटी लगवाने की बात कही। इसके बाद आरोपी उसके दोनों लडक़ों रविन्द्र व अनुराग के कागजात ले गया और उन्हें उसे 5 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद आरोपी ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया और टालमटोल करता रहा। बाद में राजेश ने कुछ दिनों में दोनों लडक़ों का ज्वाइनिंग लेटर आने की बात कही थी।

आर्य समाज भवन में कार्यक्रम का आयोजन

# बाल विवाह रोकने के लिए किया जागरूक

- महिला संरक्षण एवं बाल विवाह रोकथाम अधिकारी रेखा अग्रवाल ने आर्य समाज के पदाधिकारी से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** आर्य समाज भवन पहुंची बाल विवाह रोकथाम अधिकारी रेखा अग्रवाल का स्वागत करते आर्य समाज के पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

बाल विवाह रोकने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान की कड़ी में महिला संरक्षण एवं बाल विवाह रोकथाम अधिकारी रेखा अग्रवाल आज सुंदर नगर स्थित आर्य समाज भवन में पहुंची। उन्होंने आर्य समाज के पदाधिकारियों के साथ बाल विवाह रोकने को लेकर विस्तार से चर्चा की और प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में सहयोग की बात कही। आर्य समाज फतेहाबाद के प्रधान अरूण ग्रोवर ने अधिकारी का स्वागत किया। महिला संरक्षण एवं बाल विवाह रोकथाम अधिकारी रेखा अग्रवाल ने बाल विवाह के शारीरिक व मानसिक नुकसानों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए बनाये गये कानून के व बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में आमजनों को जागरूक किया जा रहा है।

#### बाल विवाह रोकने में सहयोग करें

उन्होंने कहा कि आर्य समाज सदस्यों से कहा कि वह बाल विवाह रोकने में सहयोग करें। अपने क्षेत्र में कहीं बाल विवाह की जानकारी मिले, तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 112, 181 या मोबाइल नंबर 8814011719 पर सूचित करें। समय पर सूचना देकर बाल विवाह को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि समय से पहले विवाह के कारण लड़कियों के जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ता है। बाल विवाह न केवल उनकी शिक्षा में बाधा बनता है, बल्कि उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा प्रभाव डालता है। इस अवसर पर आर्य समाज से दीपक शास्त्री, विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष हरीश वर्मा भी मौजूद रहे।